
# वक्फ कानून (संशोधन) बिल वक्फ बोर्ड को कमजोर करने कि साजिश- हाफ़िज़ मंजूर

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। केन्द्र सरकार द्वारा वक्फ कानून (संशोधन) बिल को संसद में पेश किए जाने के बाद उसे संयुक्त संसदीय समिति को भेजे जाने व मुस्लिम समुदाय पर उससे पड़ने वाले असर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राजस्थान के प्रमुख मुस्लिम समाज सेवी, वक्फ बचाओ तहरीक के राष्ट्रीय संयोजक, मुस्लिम माइनोरिटी डेवलपमेंट कमेटी व ज्वाइंट मुस्लिम एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा जन मोर्चा राजस्थान के महासचिव हाफिज मंजूर अली खां ने कहा कि यह संशोधित बिल मुस्लिम समुदाय के हित में नहीं है तथा यह असंवैधानिक, मुस्लिम विरोधी एवं विभाजनकारी है। उन्होंने आगे कहा कि 1995 में जब वक्फ अधिनियम बनाया गया था तब मुस्लिम समुदाय से सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर संवाद कर वक्फ संपत्तियों के मामले में होने वाली परेशानियों को दूर करने का उचित प्रयास किया गया था। उसके बाद वक्फ संपत्तियों को लेकर फिर कुछ मसाइल उठे तो उनका भी उचित समाधान करने के लिए 2013 में वक्फ अधिनियम 1995 में संशोधन भी किया गया था परन्तु वह संशोधन वक्फ संपत्तियों के रख रखाव व संचालन के हित में था इसलिए उसका सभी ने स्वागत किया था। हम किसी भी कानून में संशोधन के खिलाफ नहीं हैं परन्तु कोई भी कानून बने या किसी कानून में संशोधन



किया जाए तो उससे प्रभावित होने वाले संबंधित वर्गों से सरकार द्वारा संवाद किया जाना चाहिए तथा उनके सुझावों, परेशानियों, समस्याओं, हितों आदि पर विचार करते हुए संशोधन प्रस्ताव तैयार करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अब यह बिल संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया है तथा संसदीय समिति का गठन भी हो गया है जिसमें लगभग सभी दलों के सदस्य हैं अतः उम्मीद है कि इस मामले में व्यापक विचार विमर्श कर उचित समाधान निकाला जाएगा। इस मामले में उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि संयुक्त संसदीय समिति द्वारा वक्फ संपत्तियों के रख रखाव, उचित प्रबंधन एवं संचालन के लिए मुस्लिम समुदाय द्वारा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समित की तर्ज पर व्यवस्था किए जाने पर भी विचार किया किया जाना चाहिए।

# जयपुर का चार दीवारी क्षेत्र स्वच्छ, रहना चाहिए - चन्द्र मनोहर बटवाड़ा

## -बटवाड़ा ने कहा पिंकसिटी की पहचान चार दीवारी क्षेत्र से है

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । जयपुर की किशनपोल विधानसभा में भाजपा के प्रत्याशी रहे एडवोकेट चंद्र मनोहर बटवाड़ा का कहना है कि जयपुर की पहचान विश्व में चार दीवारी क्षेत्र से है । चार दीवारी क्षेत्र में हेरिटेज बाजार, हवेलियां, प्राचीन मंदिर, तालाब महल, ऐतिहासिक इमारतें एवं ऐतिहासिक चार दीवारी के प्रवेश द्वार हैं । विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी रहे चंद्र मनोहर बटवाड़ा ने कहा कि सभी समाज, जातियों और धर्मों के लोगों को चार दीवारी को साफ-सुथरा रखने में सहयोग प्रशासन को देना चाहिए । उन्होंने कहा कि वर्तमान में चार दीवारी क्षेत्र में साफ़-सफाई एवं अतिक्रमण की समस्या होने लगी है । विशेषकर अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में । इसलिए साफ- सफाई और अतिक्रमण की समस्या को लेकर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है । बटवाड़ा का कहना है कि किशनपोल विधानसभा में सरकार की ओर से विकास कार्य किए जाएंगे, बिना किसी भेदभाव के । सरकार सबके लिए है, सरकार के लिए सभी नागरिक समान हैं । बटवाड़ा का कहना है कि मेरे पास क्षेत्र का कोई भी नागरिक जायज काम लेकर आता है तो मैं उसका काम करता हूं ।



# राजस्थान वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों के लिए बोर्ड के पास तनख्वाह चुकाने के लिए पैसा नहीं है

## -जबकि बोर्ड सीईओ बोर्ड के कामों के लिए हवाई जहाज से यात्रा करती है

**एम खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । राजस्थान सरकार के चीफ सेक्रेटरी सुधांशु पंत अपनी साफ- सुथरी एवं सरकारी कामों को तीव्रता से निपटाने की छवि रखते हैं । चीफ सेक्रेटरी की सख्ती से ही सरकार के सभी विभागों में जनता के काम होने में तेजी आई है । भ्रष्टाचार में कमी आई है, दूसरी तरफ सरकार का ही हिस्सा राजस्थान वक्फ बोर्ड में एक अधिकारी के भ्रष्टाचार और मनमानी के कारनामों की अनदेखी की जा रही है । वर्तमान सीईओ वक्फ बोर्ड को नुकसान तो कर ही रही है, साथ में भ्रष्टाचार के बड़े मापदंड भी स्थापित कर रही है । वक्फ बोर्ड के पास कर्मचारियों को देने के लिए पर्याप्त फंड नहीं रहता है । राजस्थान सरकार ने इसके लिए वक्फ बोर्ड को कई बार अनुदान दिया है ।

दूसरी तरफ वर्तमान सीईओ नसीम खान बोर्ड कार्यों के लिए हवाई यात्रा कर रही है । वक्फ बोर्ड में ऐसे कितना महत्वपूर्ण कार्य हुए, जिससे सीईओ नसीम खान को एक ही दिन में जयपुर से उदयपुर और उदयपुर से जयपुर हवाई जहाज से जाना आना पड़ा । सीईओ के साथ बोर्ड का एक कर्मचारी भी हवाई जहाज में साथ गया और आया । सोचने की बात है कि हवाई यात्रा का किराया बोर्ड ने वहन किया या फिर स्वयं बोर्ड सीईओ नसीम खान और उस कर्मचारी ने या फिर किसी तीसरे व्यक्ति ने इनका टिकट करवाया ।




### बोर्ड के नियमों की अवहेलना कर रही है सीईओ

सीईओ नसीम खान का ऐसा क्या लालच था कि माउंट आबू में वक्फ प्रॉपर्टी का मामला सेटल करने के लिए पहले उसे एक बोर्ड कर्मचारी के साथ उदयपुर हवाई जहाज से जाना पड़ा फिर उदयपुर से प्राइवेट टैक्सी से माउंट आबू और माउंट आबू से उदयपुर और उदयपुर से उसी दिन हवाई जहाज से जयपुर आना पड़ा । सीईओ नसीम खान और बोर्ड के दूसरे कर्मचारी ने जो टैक्सी उदयपुर से माउंट आबू और माउंट आबू से उदयपुर आने में काम ली उसका किराया उदयपुर के एक वक्फ इदारे मुसाफिरखाना की ओर से वहन किया गया । वक्फ सीईओ की मनमानी और भ्रष्टाचार के मामले से प्रदेश की भाजपा सरकार बदनाम हो रही है । साफ-सुथरी एवं भ्रष्टाचार विहीन सरकार देने का वादा करने वाले मुख्यमंत्री भजनलाल और चीफ सेक्रेटरी की छवि को खराब करने पर तुली हुई वक्फ बोर्ड सीईओ, लालच में बोर्ड के नियमों एवं कानून की खुलेआम अवहेलना कर रही है । बोर्ड चेयरमैन और बोर्ड सदस्यों को सीईओ के निर्णयों और कार्यों के बारे में बताया तक नहीं जाता है । बोर्ड में कुछ कर्मचारियों का एक गठजोड़ बन गया है, जो बोर्ड को दोनों हाथों से लूटना चाहता है । नियमों के अनुसार वक्फ सीईओ बोर्ड चेयरमैन और सदस्यों की बिना परमिशन के बोर्ड कार्यों के लिए हवाई यात्रा या दूसरी यात्रा नहीं कर सकता है

### क्या कार्यवाही हो सकती है

वक्फ बोर्ड सीईओ एक आरएएस अधिकारी भी है । राज्य सरकार की मंशा के अनुसार कोई अधिकारी काम नहीं करता है, भ्रष्टाचार करता है या मनमानी करता है तो उसे पद से हटाया जा सकता है, सस्पेंड किया जा सकता है और भ्रष्टाचार साबित होने पर बर्खास्त भी किया जा सकता है । क्योंकि राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल और मुख्य सचिव सुधांशु पंत प्रदेश में साफ- सुथरा शासन देने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं । जबकि वक्फ सीईओ अपने आप को चीफ सेक्रेटरी और मुख्यमंत्री से ऊपर समझ रही है । अल्पसंख्यक विभाग के सेक्रेटरी आईएएस विशाल राजन की जानकारी में सीईओ का संज्ञान अभी तक नहीं आया है । लेकिन यह अधिकारी साफ-सुथरी छवि के हैं, संज्ञान में आते ही कार्रवाई तय मानी जा रही है ।

## गजल

सबक ज़ीस्त की दुश्वारियों ने ही सिखाया होगा
हौसला यूं जीने का बेवजह तो नहीं आया होगा
रिश्ता शाख ओ गुल का एक इबरत देता है हमें
फूल जब भी खिलेगा वो एक दिन पराया होगा
मेरे अल्फाज़ गर बेमानी थे तो क्यों रोने लगा वो
ज़ख्म पुराना उसके दिल पर भी उभर आया होगा
रहे मोहब्बत पर चलकर फिर क्यूं पलट आया है
शायद ज़र्फ़ उसके क़दमों ने ही आज़माया होगा
बनाया नहीं था घर अपना दरिया की पहुंच तक
मेरे घर का पता तो उसे किनारों ने बताया होगा
ज़हरीली फिज़ा में भी जलता रहा हयात का चिराग
अज़ीज़ बेशक तेरी सांसों ही ने उसे बुझाया होगा



**अब्दुल अज़ीज**
मो. 9414595998
झालावाड़ (राज.)

# दरगाह ग़रीब उल्लाह शाह में लेखरा समाज के पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । ऑल इंडिया मुस्लिम वक्फ संपत्ति संरक्षण बोर्ड के तत्वधान में राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल रईस की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में लेखरा समाज के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनवर मोहम्मद व प्रदेश कोषाध्यक्ष शकील अहमद का माला.साफ़ा व प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया एवं आयोजन में बोर्ड की प्रदेश ज़िला विधानसभा में मज़बूत टीम बनाने पर व चोमू की मस्जिद,दरगाह,मदरसा के बारे में चर्चा की! इस अवसर पर बोर्ड के राष्ट्रीय सलाहकार मोइनुद्दीन नारू, राष्ट्रीय विधि सलाहकार एडवोकेट अकबर अली, राष्ट्रीय



सदस्य अशरफ़ कुरेशी, ज़फ़र मिर्ज़ा समाज सेवी, दिलशाद खान जयपुर ग्रामीण महासचिव, मोईन खान ज़िला सदस्य, शबाब खान, अब्दुल हफ़ीज़ वार्ड अध्यक्ष, खान बहादुर, महेराजुदिन, आबिद कुरेशी मुन्ना, मुस्तकिम कुरेशी, अकरम खान व बोर्ड के कार्यकर्ता व जयपुर शहर के मोजिज लोग मोजूद रहे।

## कविता

रुत आई सुरभि मेरे आंगन डोले
देख सखी री मन से मेरा मन बोले

चहुं ओर छाई मैं बन
हरियाली सावन की
कल कल कल कल बह रही
सरिता मेरे मन की
मन के बन्द द्वार सारे, बैरी सावन खोले
देख सखी री..........

डाल डाल और पात पात पर
ओस सी बिखरी जाऊं
फूलों और कलियों में
और भी निखरी जाऊं

नज़रें चारों ओर मौसम का बिखरा यौवन तौले
देख सखी री.............

प्यासी धरती प्यासी बदरी
प्यासा प्यासा आंचल
मेरे नयनों में रैना का
लगा हुआ है काजल

करवट चारपाई पे सोए आए ना साजन भोले
देख सखी री मन से मेरा मन बोले

**मौलिक रचना:- फ़ज़लुर्रहमान**
**Mobile No. 9828668877**

# विवाहिता की मौत के 10 दिन बाद हत्या का केस, कब्र से शव निकाल कराया पोस्टमार्टम

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । जयसिंहपुरा खोर इलाके में विवाहिता की मौत के करीब 10 दिन बाद कब से शव निकालकर पोस्टमार्टम करवाया गया। इस संबंध में मृतका नाई की थड़ी निवासी अनम - फातिमा के पिता मुन्ना खान ने बुधवार को अजहर के पिता के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। उक्त रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने एसडीएम की मौजूदगी में कब्र से शव निकलवाया और एसएमएस अस्पताल में बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया। अब पुलिस मामले की जांच करने में जुटी। एसएसचओ राजेश मीणा ने बताया कि अनम की करीब 6 माह पहले ही मॉडर्न कॉलोनी निवासी अजहर से शादी हुई थी। इस दौरान 30 जुलाई को अनम की मौत हो गई। तब दोनों पक्षों की मौजूदगी में शव को दफना दिया गया। उसके बाद बुधवार को अनम में के पिता मुन्ना ने अजहर के खिलाफ रिपोर्ट ने दर्ज करवाई कि अजहर ने उनकी बेटी का गला दबाकर हत्या की है। रिपोर्ट में आरोप लगाया कि अनम को पति टॉर्चर करता था। अनम गर्भवती भी थी। ऐसे में पोस्टमार्टम करवा दिया। रिपोर्ट मिलने के बाद मामले का अनुसंधान किया जाएगा।

# सेकंड हैंड वाहन खरीदते-बेचते तुरंत कराए रजिस्ट्रेशन

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुंवर राष्ट्रदीप ने एक आदेश जारी किया है कि सैकंड हैंड वाहन खरीदने व बेचने वाले उसी समय वाहन का खरीदार के नाम रजिस्ट्रेशन करवाएं। राष्ट्रदीप ने बताया कि सैकंड हैंड वाहनों का उपयोग लूट, डकैती या फिर आतंकी गतिविधियों में किए जाने की आशंका है। राष्ट्रदीप ने यह भी निर्देश दिए हैं कि किराएदार, नौकर, वाहन चालक, चौकीदार, कर्मचारी, सेल्समैन का भी पुलिस सत्यापन करवाएं। अपराधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। इसके अलावा मोबाइल सिम जारी करने वाले बिना - दस्तावेज के सिम जारी नहीं करें।

# जनहित में सूचना

## जयपुर शहरवासी बारिश में किसी भी तरह की दिक्कत पर करें सीधे प्रशासन से संपर्क

जयपुर कलेक्ट्री दुरभाष नंबर 0141-2204475,0141-22204476
पुलिस कंट्रोल 100,112 पर करें सीधे संपर्क
जयपुर नगर निगम द्वारा अग्निशमन केंद्रों पर संचालित घाटगेट बाढ़ नियंत्रण कक्ष मोबाइल नंबर- 8279179063, आमेर बाढ़ नियंत्रण कक्ष मोबाइल नंबर- 8279179060, वीकेआई बाढ़ नियंत्रण कक्ष मोबाइल नंबर- 8764880070, मालवीय नगर बाढ़ नियंत्रण कक्ष मोबाइल नंबर- 8764880030, मानसरोवर बाढ़ नियंत्रण कक्ष मोबाइल नंबर- 8764880060 एवं बनीपार्क बाढ़ नियंत्रण कक्ष (कांवटिया चिकित्सालय के पीछे) मोबाइल नंबर- 8279179150 पर संपर्क किया जा सकते हैं
साथ ही, आमजन जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बनीपार्क में संचालित बाढ़ नियंत्रण कक्ष दूरभाष नंबर- 0141-2203518 पर सपर्क कर सकते हैं। स्वेज फार्म सामुदायिक केन्द्र पर स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का समन्वयक अधिकारी अधिशाषी अभियंता केसी गुप्ता मोबाइल नंबर- 9928699991, सामुदायिक केन्द्र दांतली पर स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का समन्वयक अधिकारी अधिशाषी अभियंता इरशाद अहमद मोबाइल नंबर- 8764231092 एवं वैशाली नगर सामुदायिक केन्द्र पर स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष का समन्वयक अधिकारी अधिशाषी अभियंता तरुण सिंघल 8769383749 नियुक्त किया गया है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने डूंगरपुर में कार्यकर्ताओं की बैठक ली

डूंगरपुर (रॉयल पत्रिका)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती 11अगस्त एक दिवसीय प्रवास पर डूंगरपुर जिले में रहे। जहां उन्होंने आगामी विधानसभा उपचुनाव की तैयारी को लेकर विधानसभा चौरासी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक डूंगरपुर में ली।



बैठक में मेवाती ने कहा कि मोर्चा के समस्त पदाधिकारियों को अभी से ही आगामी उपचुनाव हेतु कमर कसनी होगी और चौरासी विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर डूंगरपुर नगर परिषद सभापति अमृत लाल कलासुआ,प्रदेश उपाध्यक्ष इकबाल खां, अय्यूब खां, मोर्चा आई टी सयोजक इरशाद हसनपुरा,पुर्व पार्षद अख्तर खान डुंगरपुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शेख़ राजु भाई बर्तन वाला, डुंगरपुर अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मकबूल खा, नगर अध्यक्ष जब्बार खा, अली पठान, नुर आलम खां, पप्पु सींधी, सईद जमाल पठान, रईस खा, असफाक शहंशाह, शेख कुतुबुद्दीन उज्जैन वाला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 6 निर्दलीय विधायकों की एक साथ डिनर पार्टी बनी चर्चा का विषय

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । एक पांच सितारा होटल में प्रदेश के 6 निर्दलीय विधायकों की डिनर पार्टी प्रदेश में चर्चा का विषय बन गई । कयास लगाए जाने लगे कि प्रदेश की राजनीति में कुछ घटने वाला है ।

इस डिनर में शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी पूर्व मंत्री और विधायक यूनुस खान, बाड़मेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी, चंद्रभान आक्या, जीवाराम चौधरी, रीतू बनावत मौजूद रहे ।



डिनर के दौरान किसी भी अन्य व्यक्ति को इनके करीब नहीं रहने दिया गया । माना जा रहा है कि पार्टी में खामोशी से तो डिनर हुआ नहीं होगा, जो बातें हुई होंगी उसकी भविष्य की राजनीति में कुछ हलचल जरूर होगी । ऐसा तय माना जा रहा है ।

**रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका**

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।
-संपादक

Scan Here

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

## पहले श्रीलंका अब बांग्लादेश में अशांति !

भारत के पड़ौसी देश बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना को नागरिकों के विरोध के चलते भागना पड़ा । शेख हसीना ने भाग कर भारत में शरण ली है । शेख हसीना बांग्लादेश में एक लंबे समय से शासन कर रही है । शेख हसीना ने बांग्लादेशी नागरिकों विपक्षी दलों एवं सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की आवाज को बलपूर्वक दबाए रखा । हालांकि बांग्लादेश में जनता का आंदोलन आरक्षण को लेकर शुरू हुआ था और शेख हसीना के इस्तीफा तक पहुंच गया । शेख हसीना विरोधियों को लंबे समय से नुकसान पहुंचाने का काम कर रही थी । विरोधी नेताओं, अधिकारियों एवं निष्पक्ष आवाज उठाने वालों को जेल में डाला गया । बांग्लादेश की आर्थिक स्थिति कमजोर होने लगी और बेरोजगारी बढ़ गई, युवाओं को रोजगार मिलना मुश्किल हो गया । बांग्लादेश से पहले भारत के पड़ौसी देश श्रीलंका में भी वहां के राष्ट्रपति को जनता के सड़कों पर विरोध के चलते देश छोड़ना पड़ा था । श्रीलंका की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है और वहां युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है । दूसरी तरफ भारत देश में 10 वर्षों से भाजपा का शासन है और मोदी जी प्रधानमंत्री हैं । मोदी के शासनकाल में नारा "विकसित भारत" का दिया गया है। लेकिन भारत की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है । युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है । देश का निर्यात दिनों-दिन घट रहा है । महंगाई के कारण आम आदमी को पेट भरना मुश्किल हो रहा है । सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है, सरकारी एजेंडे में सिर्फ हिंदू-मुस्लिम की राजनीति बची है । संसद में बिना किसी मतलब का वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पेश किया गया । लेकिन अनिवार्य शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा, आवास एवं भोजन पर एक भी बिल संसद में नहीं आया है । मोदी सरकार से देश एवं समाज के ज्यादातर वर्ग नाराज हैं और विरोध की अंदरूनी लहर चल रही है । मोदी सरकार को स्वयं सर्वे करवाना चाहिए कि उसके प्रति लोगों में नाराजगी है या नहीं । भ्रष्टाचार के कारण बिहार में दर्जनों पुल और बिल्डिंग गिर गई, जबकि भ्रष्टाचार के कारण विपक्षी नेताओं को जेल भेजा जा रहा है । विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की हार हुई, लेकिन भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अभी भी यह मानने को तैयार नहीं है कि जनता उससे नाराज है । यदि ऐसा ही चलता रहा तो देश 2047 तक विकसित तो नहीं बनेगा, लेकिन आंतरिक अशांति के कारण गर्त में जरूर चला जाएगा । देश की सरकारों चाहे केंद्र सरकार हो या राज्य सरकारें, बांग्लादेश और श्रीलंका से सबक लेना चाहिए ।

# क्या है वक़्फ जायदाद ?

वक़्फ क्या है? दरअसल यह शब्द "वक्फ" अरबी भाषा के "वकुफा" शब्द से बना है, जिसका अर्थ होता है ठहरना और "वक्फ" का मतलब है ट्रस्ट-जायदाद को जन-कल्याण के लिए समर्पित करना।

दुनिया के हर समाज में स्वयं की संपत्ति और धन को कल्याणकारी और धार्मिक कार्य के लिए देने की व्यवस्था है।

हिंदुओं में भी है, वह अपना धन और संपत्ति ज्यादातर मंदिरों को दान कर देते हैं, जो बहुत अधिक कल्याणकारी सोच के होते हैं वह धर्मशाला बनवा देते हैं, वृद्धाश्रम बनवा देते हैं, इत्यादि इत्यादि

सिखों में भी तमाम तरह से कल्याणकारी कार्य किए जाते हैं उनमें सबसे प्रमुख सालों चलने वाला लंगर तो होता ही है "खालसा" के नाम पर तमाम संगठन ऐसे सामाजिक कल्याणकारी कामों में लगे होते हैं और यह सब वह अपने समाज से क्राउड फंडिंग लेकर ही करते हैं।

ईसाई भी चैरिटी करते हैं, इसके लिए ईसाईयों ने चर्च को माध्यम बनाया और इसके सहारे शिक्षा, चिकित्सा, आदिवासी क्षेत्रों में लोगों की मदद जैसे कार्य किये और अब भी कर रहे हैं।

धार्मिक रूप से प्रमुख फ़र्ज़ और गणितीय आधार पर दान करने की व्यवस्था इस्लाम के अतिरिक्त और किसी धर्म में नहीं, ना ही इस दान को नियंत्रित करने के लिए वक़्फ बोर्ड जैसी व्यवस्था किसी के पास है।

इस्लाम ने "ज़कात" की व्यवस्था दी और अपनी कमाई का चालिसवां हिस्सा, सोने चांदी, पशुओं की संख्या के एक स्तर के बाद दान करने को अनिवार्य अर्थात फ़र्ज़ बनाया और कुरान में नमाज़ के साथ साथ ज़कात का ज़िक्र करके इसकी अहमियत बताई।

वक्फ उस जायदाद को कहते हैं, जो इस्लाम को मानने वाले दान करते हैं। ये चल-अचल दोनों तरह की हो सकती है। यही दौलत वक्फ बोर्ड के तहत आती है।

पिछले 75 सालों से मुसलमान अपने कमाई और ज़मीन जायदाद का एक हिस्सा ज़कात के रूप में लोक कल्याणकारी और धार्मिक कार्यों के लिए दान अथवा वक्फ कर देते रहे हैं।

इन सभी संपत्तियों को नियंत्रित और देखरेख करने के लिए साल 1954 में जवाहरलाल नेहरू सरकार ने "वक्फ अधिनियम" पारित किया जिसके बाद इसका केंद्रीयकरण हुआ।

धीरे-धीरे पिछले 70 सालों में वक़्फ़ बोर्डों के पास वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया के अनुसार करीब 8.7 लाख संपत्तियां हैं और वक़्फ़ बोर्ड की संपत्ति करीब 9.4 लाख एकड़ है। यह ज़मीन भारत में सेना, रेलवे के बाद वक्फ बोर्ड के पास तीसरे नंबर पर सबसे अधिक है।

वक्फ के पास काफी संपत्ति है, जिसका रखरखाव ठीक से हो सके और धर्मार्थ ही काम आए, इसके लिए स्थानीय से लेकर बड़े स्तर पर कई संस्थाएं हैं जिन्हें वक्फ बोर्ड कहते हैं।

तकरीबन हर स्टेट में सुन्नी और शिया वक्फ बोर्ड हैं जिनका काम उस संपत्तियों की देखभाल, और उसकी आय का सही इस्तेमाल है।

उत्तर प्रदेश में सुन्नी वक्फ बोर्ड के पास कुल 2 लाख 10 हजार 239 संपत्तियां हैं, जबकि शिया बोर्ड के पास 15 हजार 386 संपत्तियां हैं। इस संपत्ति से गरीब और जरूरतमंदों की मदद करना, मस्जिद या अन्य धार्मिक संस्थान को बनाए रखना, शिक्षा की व्यवस्था करना और अन्य धर्म के कार्यों के लिए पैसे देने संबंधी चीजें शामिल हैं।

केंद्र ने वक्फ बोर्डों के साथ तालमेल के लिए सेंट्रल वक्फ काउंसिल बनाया हुआ है। वक्फ एसेट्स मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया के मुताबिक देश में कुल 30 वक्फ बोर्ड्स हैं और इन सभी के हेडक्वार्टर ज्यादातर राज्यों की राजधानियों में हैं।

वक्फ एक्ट 1954 इस संपत्ति के रखरखाव का काम करता है और मुसलमानों को कानूनी अधिकार देता है जिससे इस्लामिक व्यवस्था का यह धर्मार्थ कार्य बिना कानूनी पचड़े में पड़े चलता रहे।

मोदी सरकार की नज़र, मुसलमानों के निकाह, तलाक और शरियत में दखल के बाद ज़कात में दखल देने की है, वह इसे सरकार के माध्यम से रेग्यूलेट करना चाहती है, वक़्फ के पहले सरकार से परमिशन का अड़ंगा डालना चाहती है। उसका उद्देश्य इस व्यवस्था को भी कानूनी पचड़े में डालने का है, ठीक वैसे ही जैसे मुस्लिम किसी गैर मजहब में विवाह करने के लिए कानूनी पचड़े में फंस जाता है।

सोचिए कि किसी हिन्द को मंदिर में दान करने के लिए तमाम कानूनी प्रक्रिया से गुज़ारा जाए, सिखों को लोक कल्याणकारी कार्य करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट और सरकार के पास अर्जी लगानी पड़े तो क्या होगा ?

किसी भी धर्म मे दान एक स्वैच्छिक कार्य है, उसी प्रकार कोई भी वयस्क मुस्लिम व्यक्ति अपने नाम की प्रॉपर्टी वक्फ के नाम कर सकता है। वक्फ एक स्वैच्छिक कार्रवाई है, जिसके लिए कोई जबर्दस्ती नहीं है।

दरअसल साल 2013 में यूपीए सरकार ने मूल वक्फ एक्ट में बदलाव करके वक्फ बोर्डों को और अधिकार दे दिए और वक़्फ बोर्ड की ताकत और भी बढ़ा दी थी।

इस संसोधन के बाद बोर्ड को यह अधिकार मिल गया कि अगर उसे लगे कि कोई जमीन उसकी है, तो उसे कोई सबूत नहीं देना होगा, बल्कि सारे दस्तावेज दूसरी पार्टी को देने होंगे जो ज़मीन पर दावेदारी कर रहा है, ईडी के कानून की तरह।

अर्थात जो अब तक दावेदार रहा है। ऐसे में जिनके पास पक्के कागज नहीं और यदि कोई सिद्ध नहीं कर सका कि कागज़ के आधार पर ज़मीन उसकी है तो वह ज़मीन वक़्फ बोर्ड की हो जाती है। यह अधिकार 1950 की धारा 40 के माध्यम से बोर्ड को मिला हुआ है।

इसके लिए वक्फ बोर्ड का एक नोटिफिकेशन अंतिम माध्यम होता है जिसके विरुद्ध किसी न्यायालय में अपील नहीं की जा सकती।

यह तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा वक़्फ बोर्ड को देश भर में मुकदमों से बचाने के लिए किया गया था।

मगर वक्फ बोर्ड पर इसी कारण आरोप लगे कि वह दूसरों की संपत्ति को मनमाने ढंग से अपना करार देता है, यद्यपि उस संपत्तियों के दावेदार उस संपत्ति पर अपने अधिकार को लेकर कोई कागज़ नहीं दिखा सके, कहें तो ऐसी संपत्ति पर उनका अवैध कब्जा था।

पहले, केवल नोटिस भेजने भर से ही जमीन पर बोर्ड का हक हो जाता था। लेकिन मई 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि किसी संपत्ति को वक्फ घोषित करने के लिए केवल अधिसूचना जारी करना काफी नहीं है बल्कि इसके लिए वैधानिक प्रक्रिया को पूरा करना आवश्यक है, जिसमें दो सर्वे, विवादों का निपटारा और राज्य सरकार और वक्फ को एक रिपोर्ट जमा करना शामिल है, उसके बाद उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशों के तहत कार्रवाई होने लगी।

ऐसे मामलों में बोर्ड उस संपत्ति के तत्कालीन मालिक को नोटिस भेजता है। अगर इस पर कोई विवाद पैदा होता है, तो बोर्ड की ओर से ही मामले की जांच की जाती है।

वक़्फ बोर्ड में ऐसे मामलों के निपटारे के लिए एक सर्वे कमिश्नर होता है, जो संपत्तियों का लेखा-जोखा रखता है। इसके अलावा इसमें मुस्लिम विधायक, मुस्लिम सांसद, मुस्लिम आइएएस अधिकारी, मुस्लिम टाउन प्लानर, मुस्लिम अधिवक्ता और मुस्लिम बुद्धिजीवी जैसे लोग शामिल होते हैं।

ज़मीन पर किसी के दावे के निपटारे के लिए वक्फ ट्रिब्यूनल में प्रशासनिक अधिकारी भी होते हैं। ट्रिब्यूनल में कौन शामिल होंगे, इसका फैसला राज्य सरकार करती है। अक्सर राज्य सरकारों की कोशिश यही होती है कि वक्फ बोर्ड का गठन ज्यादा से ज्यादा मुस्लिमों से हो।

हर साल हजारों लाखों मुसलमानों द्वारा बोर्ड को वक्फ के रूप में संपत्ति की जाती है, जिससे इसकी दौलत में इजाफा होता रहता है। इसका इस्तेमाल धार्मिक कामकाज, गरीबों की मदद, शिक्षा आदि के लिए किया जाता है।

मोदी सरकार इसी को नियंत्रण में लेना चाहती है, और वह मौजूदा वक्फ एक्ट में करीब 40 संशोधन करने की बात कर रही है।

केंद्र ने वक्फ बोर्ड के असीमित अधिकारों को कम करने के लिए एक प्रस्ताव दिया है इसमें वक्फ की संपत्ति का वैरिफिकेशन अनिवार्य होगा। ऐसा ही वैरिफिकेशन उन संपत्तियों के लिए भी होगा, जिन पर निजी प्रॉपर्टी होने का शक है और सालों से वहां रहते आ रहे लोगों ने दावा किया है।

दरअसल सरकार वक्फ बोर्ड की ऑटोनमी छीनना चाहती है, वक्फ एक्ट वक्फ संपत्तियों और धार्मिक संस्थानों के प्रबंधन के लिए बनाया गया कानून है और सरकार मुसलमानों के इस अधिकार को छीनना चाहती है।

सोचिए कि ईसाईयों से उनकी चैरिटी कानूनी पचड़े में डालकर सरकार कमाई करने को सोचने लगे ? मगर अमेरिका की डर से सरकार ऐसा नहीं करेगी।

सोचिए कि सिखों के लंगर और अन्य कल्याणकारी कामों को कानूनी अड़चन में डालकर सरकार व्यवधान उत्पन्न करे तो ? सरकार ऐसा नहीं करेगी क्योंकि सिख उसका मजबूत विरोध करेंगे।

सोचिए कि हिंदू मंदिरों में चढ़ने वाले चढ़ावे को सरकार नियंत्रित करने लगे और करोड़ों करोड़ों के चढ़ावे से पहले सरकार की बनाई कानूनी प्रक्रिया से गुजरना हो, मंदिरों के चढ़ावे पर सरकार की नज़र हो तो ? मगर सरकार ऐसा नहीं करेगी।

# सुप्रीम कोर्ट के नये फरमान के मायने

सुप्रीम कोर्ट के सात जजों की कमेटी में से छह जजों ने दिनांक 1 अगस्त 2024 को आदेश दिया कि एससी एसटी में भी क्रीमिलेयर लागू किया जाना चाहिये। यह आदेश वस्तुतः अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में फूट डालने जैसा है। एक तो वैसे ही ईमानदारी से आज तक पूरी तरह आरक्षण नहीं दिया गया। अधिकतर मामलों में पद "योग्य उम्मीदवार नहीं मिलने के कारण सामान्य से भरा गया" के टेग के साथ भर दिये गये, या रोस्टर में बदलाव करके पदों की संख्या कम कर दी गई। मार्च 2018 के बाद 11 विश्वविद्यालयों ने विभाग रोस्टर के अनुसार 700 वैकेंसी निकाली थी। इसमें आरक्षित वर्ग की सिर्फ 76 सीटें थीं। यूनिवर्सिटी को यूनिट मानते, तो इस वर्ग को 349 सीटें मिलती। दूसरा उदाहरण राजस्थान यूनिवर्सिटी का है जहाँ जनवरी 2019 में विभाग रोस्टर के अनुसार 32 भर्तियां निकाली। ये भर्तियां 18 विभागों में होनी थी। सभी सीटें सामान्य वर्ग के हिस्से में आई, क्योंकि सभी स्तरों पर प्रोफेसरों के सिर्फ 2-2 पद थे। इसके अलावा 2019 में हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 53 भर्तियां निकली थीं। इनमें एक भी सीट आरक्षित वर्ग के लिये नहीं थी। ये भर्तियों 22 विभागों में होने वाली थीं। (स्रोत दैनिक भास्कर भीलवाड़ा 30 जनवरी 2019 पेज 11)। अब यदि कोटे में भी कोटा और लग जाये, तो जो पद हैं, वे भी नहीं भर पायेंगे।

अगर यह मान भी लिया जाये कि एससी एसटी में क्रीमिलेयर लागू किये जाने से आरक्षित जातियों के वंचित लोगों को आरक्षण का लाभ मिलने लग जायेगा, तो यह भ्रम मात्र है, क्योंकि पूर्व में भी इस प्रकार के कई हथकण्डे अपनाये जाते रहे हैं जिनसे आरक्षण के होते हुए भी आरक्षित पद नहीं भरे गये और अधिकतर पद सामान्य वर्ग से भर दिये गये। रोस्टर के मुताबिक अनु. जाति का पहला पद तब भरा जाता है जब पदों की संख्या कम से कम सात हो। विभागों को इकाई मान कर यदि पद भरते हैं तो ये पद इतने कम होते है कि एससी एसटी के पद भर ही नहीं पाते। दूसरे, आरक्षण का आधार जातिगत भेदभाव रहा है। क्रीमिलेयर लागू कर देने से क्या क्रीमिलेयर जातियों के साथ भेदभाव बंद हो जायेगा ? आरक्षण का आधार भी 1931 की जनगणना मानी गई है। उस समय और अब, संख्या में काफी अंतर आया है। बिहार की जातिगत जनगणना बताती है कि वहां के लगभग 85 प्रतिशत निवासी दलित समाज के व्यक्ति हैं। कमोबेश यही स्थिति सारे देश की है।

आरक्षण होने के बावजूद अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लोग आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं, उसके कारण दूसरे हैं। पहला, इनके लिये शिक्षा की व्यवस्था सुलभ नहीं है। ढंग के विद्यालय नहीं हैं, अध्यापकों के पद रिक्त हैं, पूरे समय पढ़ाई नहीं होती है, गरीब बच्चों के लिये ट्यूशन की सुविधा नहीं है। जो पढ़-लिख गये है, सरकारी नौकरी पा गये हैं, उनकी आर्थिक स्थिति थोड़ी-बहुत सुधरी है, लेकिन सामाजिक और राजनैतिक परिस्थितियों में अंतर नहीं आया है।

जो फैसला सुनाया गया है, उसमें भी आधार जाति ही माना गया है। उदाहरणार्थ बैरवा जाति के लोग क्रीमिलेयर घोषित कर दिया जाते हैं तो इसमें भी दो फाड़ हो जायेंगे। कुछ वे लोग होंगे, जिनकी एक या दो पीढ़ियों ने आरक्षण का लाभ पा लिया, लेकिन अधिकतर वे होंगे, जिनकी एक भी पीढ़ी ने आरक्षण का लाभ नहीं पाया है। इनमें किस प्रकार अंतर करेंगे, यह स्पष्ट नहीं है। यदि इसका आधार यह मानते हैं कि जिनकी एक पीढ़ी आरक्षण का लाभ ले चुकी है, उनको क्रीमिलेयर घोषित कर दिया जायेगा, तो कितने ही ऐसे व्यक्ति समाज में हैं जो ठेकेदार, व्यवसायी और दूसरे काम धन्धे करते हैं और स्वयं दूसरों को नौकरी देते है, लेकिन जिनकी एक भी पीढ़ी ने आरक्षण का लाभ नहीं लिया है। तब किस प्रकार इसको न्याय संगत बनाया जायेगा ? इससे समाज में फूट पड़ने के अलावा और कुछ भी नहीं होगा और आरक्षण विरोधियों का मुख्य उद्देश्य ही यही है कि इनमें फूट पड़ी रहे, ये कभी एक नहीं हो पायें और गिने-चुने लोग ही देश के साधन संसाधनों का उपयोग करते रहें। इसके अलावा क्रीमिलेयर हो जाने से क्या उनके साथ जातिगत भेदभाव खत्म हो जायेगा? आरक्षण का मूल आधार ही जातिगत भेदभाव है, न कि आर्थिक स्थिति। किसी गरीब ब्राह्मण के साथ कोई छुआछूत नहीं करता, लेकिन अमीर, पढ़ा-लिखा और योग्य होने के बावजूद एक स्थनान्तरित जज की कुर्सी को दूध से धुलवाकर पवित्र किया गया था, क्योंकि वह जज दलित समाज से था।

माननीय जज महोदयों को यह पक्ष भी देखना चाहिये कि देश के अधिकांश मंदिर सार्वजनिक हैं, जो हिन्द समाज द्वारा सभी जातियों से चन्दा या धनराशि इकट्टा करके सरकारी जमीन या खरीदी हुई जमीन पर बनाये गये हैं। इनमें लगभग 100 प्रतिशत मंदिरों में पुजारी ब्राह्मण हैं। क्या यहां पर आरक्षण के अनुसार अन्य जातियों के पुजारी नहीं होने चाहिए ? अगर कोई सरकार (जैसा कि तमिलनाडु सरकार ने किया था) पुजारियों की भर्ती में जातिगत आरक्षण लागू करती है तो उसका विरोध किया जाता है। आखिर क्यों माननीय जज महोदय यहां पर आरक्षण लागू नहीं कर रहे हैं?

इसके अलावा मंदिरों में एक ही वंश या परिवार कई कई पीढ़ियों से पुजारी का कार्य कर रहा है और सारा चढ़ावा और मंदिर की जमीन का उपयोग करता आ रहा है। क्या यहां पर भी किसी अन्य जाति के या ब्राह्मण जाति के ही अन्य परिवार को मौका नहीं मिलना चाहिये, क्योंकि जो जातियां आरक्षण पाकर एक ही पीढ़ी बाद क्रीमिलेयर हो जाती हैं, जरा सोचिये, जिनकी सात-सात पुश्तें पुजारी हैं और जहां अथाह चढ़ावा आता है वे क्रीमिलेयर नहीं हुए होंगे?

अगर दलित समाज के लोगों को मुख्यधारा में लाना है या आरक्षण का पूरा लाभ देना है तो सरकार को इनकी शिक्षा पर और इनकी आधारभूत सुविधाओं पर पूरा ध्यान देना होगा और संविधान प्रदत्त आरक्षण का फायदा ईमानदारी से देना होगा। उदाहरण के लिये अनु. जातियों के लिये 16 प्रतिशत आरक्षण का अर्थ यह है कि यदि 100 पदों पर भर्ती निकाली जाती हैं तो अनु. जातियों के 16 व्यक्ति तो नौकरी पायेंगे ही, लेकिन जो व्यक्ति सामान्य वर्ग की मैरिट लिस्ट में आते हैं वे अलग गिने जायेंगे। इस प्रकार 100 पदों के लिये अनु. जातियों के चयनित व्यक्ति 20, 25 या 40 भी हो सकते हैं। लेकिन इसको कई बार 'अधिकतम 16' से परिभाषित कर आरक्षित जातियों का हित मारा जाता है, जो कि गलत हैं। सरकार दलित बाहुल्य इलाकों में शराब, गांझा, भांग और इसी प्रकार के अन्य नशीले और मादक पदार्थों की दुकानें खोलना अपराध घोषित करे, ताकि जो धन दुर्व्यवसन में खर्च होता है, वह इनकी संतानों के पालन-पोषण और शिक्षा पर खर्च हो।

आरक्षित समाज के वंचित लोगों को लाभ देने का सही तरीका यही है कि आरक्षित वर्ग के परिवार, जो अच्छे सम्पन्न हो गये हैं वे स्वयं अपना आरक्षण छोड़ दें। तब क्रीमिलेयर घोषित करने की भी जरुरत नहीं है।

**डॉ. श्याम सुन्दर बैरवा**

# अल्पसंख्यक बालक आवासीय विद्यालय में दाखिले शुरू

## -कक्षा 6 से 9 तक दिया जाएगा प्रवेश, अल्पसंख्यक बच्चों को मिलेगा लाभ

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर के खो नागोरियान में इस सत्र से शुरू अंग्रेजी माध्यम में संचालित अल्पसंख्यक बालक आवासीय विद्यालय में प्रवेश की शुरुआत हो गई है। इनमें अल्पसंख्यक समुदायों (मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध एवं पारसी) को सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6, 7, 8, एवं कक्षा 9 में प्रवेश दिया जाएगा।



कैसे मिलेगा आवेदन?

राजधानी जयपुर के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने बताया कि अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु विभाग के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय मानसरोवर से आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। जिला कार्यालय तक पहुंचने में अक्षम छात्र छात्राएं विभाग की वेबसाइट http://mlnorlty.rajasthan.gov.in से भी प्रवेश के लिए आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में प्रवेश के आवेदन के लिए बालक का राजस्थान का मूल निवासी होना जरूरी है। आवेदक अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदायों के (मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बालक बालिका, जिनके परिवार को सभी स्रोतों से वार्षिक आय 8 लाख रुपये से कम हो, या जिनके माता पिता राज्य सरकार के कार्मिक होने पर पे-मैट्रिक्स का लेवल 11 तक का वेतन प्राप्त कर रहे हो। यह पात्रता रखने वाले बालक ही राज्य में संचालित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए पात्र माने जाएंगे। सरकार की योजना के मुताबिक प्रवेश पाने वाले बालक जेएनयू मेडिकल कॉलेज के पास मसीता खां की कॉलोनी, खो नागोरियान में संचालित राजकीय अल्पसंख्यक बालक आवासीय विद्यालय, जयपुर में रहेंगे। आवासीय विद्यालय में समस्त शैक्षणिक व अन्य सुविधायें निशुल्क होंगी।

अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में प्रवेशित बालको को पूर्णतया निशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था रहेगी। प्रशिक्षित एवं अनुभवी अध्यापकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। बेहतर एवं सुरक्षित आवास सुविधा मिलेगी। पोष्टिक भोजन दिया जाएगा। सम्पूर्ण शिक्षण सामग्री निशुल्क दी जाएगी। दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे, यूनिफॉर्म, जूते, तेल, साबुन, तौलिया आदि भी निशुल्क दिए जाएंगे।

इनके अलावा चिकित्सा सुविधा, कौशल एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण तथा इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स की भी अलग से निशुल्क सुविधा दी जाएगी। जवाहर नवोदय विद्यालय की तर्ज पर संचालित आवासीय विद्यालय में उसी के समान सुविधा एवं अध्ययन व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने बताया कि विद्यालय में सीटों का चयन प्राथमिकता व मेरिट के आधार पर किया जाएगा। सिद्ध ने बताया कि इस निशुल्क प्रवेश से ख़ासकर अल्पसंख्यकों के गरीब बच्चों को काफी लाभ मिलेगा। रुपयों के अभाव में वे अपनी पढ़ाई नहीं छोड़ पाएंगे।

# जिला एवं पुलिस प्रशासन की अनदेखी के चलते अमरेश्वर के कुंड में कूद कूद कर नहा रहे है लोग

## -हादसे को दे रहे है आमंत्रण

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका) । जिला मुख्यालय पर बारिश का दौर शुरू होने के साथ ही यहां सेकडो की संख्या में लोग पिकनिक करने पर्यटक स्थलों पर पहुंचना शुरू हो जाते हैं। शनिवार को भी कई पर्यटक स्थलों पर हजारों की संख्या में लोग पिकनिक करने मोज मस्ती करते अजर आए। ऐसा ही नजारा रणथंभौर रोड स्थित अमरेश्वर महादेव मंदिर पर देखने को मिला जहा लोग अमरेश्वर महादेव मंदिर के पानी के कुंडो में बेपरवाह होकर कूद कूद कर नहाने का लुप्त उठा रहे थे। आपको बता दे अमरेश्वर महादेव मंदिर के कुंड में नहाने के चलते कई हादसे हो चुके है और कई लोगो की मृत्यु हो चुकी है जिसके बाद से कुंड के पास जिला प्रशासन की ओर से एक सूचना बोर्ड भी लगाया गया और वहा आरएसी के जवान भी बारिश के समय तैनात किए जाते थे। लेकिन इस बार आरएसी या पुलिस की तैनाती नही होने के कारण लोग बेपरवाह होकर कुंडो में कूद कूद कर नहा रहे है गंभीर हादसे को आमंत्रण दे रहे है।




ये पहला अवसर है जब जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से किसी भी पर्यटन स्थल खास कर अमरेश्वर कुंड पर जहा हर वर्ष बारिश के मोसम में कई लोग जो पिकनिक मनाने आते है मौत का शिकार हो जाते हैं को देखते हुए यहां आने वाली भीड़ को लेकर सुरक्षा के कोई इंतजामना नही किए ना ही कोई पुलिस , व आर ए सी के जवान तैनात किए जिससे किसी होने वाले हादसे को रोका जा सके।

# चौमूं स्टेशन पर सुरक्षाकर्मी लगाने की मांग

चौमूं (रॉयल पत्रिका)। सामोद रेलवे स्टेशन पर एक आरपीएफ जवान की स्थाई रूप से ड्यूटी लगाने की मांग को लेकर शनिवार को रेलयात्री संघ एकीकृत चौमूं के अध्यक्ष कालूराम निठारवाल ने उत्तर पश्चिम रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त के नाम स्टेशन अधीक्षक शंकर लाल को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में बताया कि चौमूं स्टेशन पर एक आरपीएफ जवान की ड्यूटी स्थाई रूप से लगाना जरूरी है, ताकि रेल संपत्ति की सुरक्षा हो सके । उन्होंने बताया कि यहां पर स्थाई आरपीएफ जवान नहीं लगाकर उसे एक-दो दिन बाद वापस मुख्यालय पर बुला लिया जाता है। ऐसे में रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित ढाणियों के लोग स्टेशन पर आकर मनचलों की तरह आकर बैठ जाते हैं और अभद्र भाषा बोलते हैं, साथ ही पानी की टूटी को तोड़ जाते हैं, और नल खुला छोड़ जाते हैं । जिससे पानी व्यर्थ बहता रहता है। निठारवाल ने रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के लिए स्टेशन पर आरपीएफ जवान की ड्यूटी स्थाई रूप से लगाने की मांग की है ।

**सूचना**

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

